तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 31 जनवरी 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



14 पुलिस ने भट्ठी में झोंक दिया 52 लाख 57 हजार रुपए का 562 ...





12 नकली सॉफ्टवेयर से कुम्हारी टोल प्लाजा में ...





## खबर संक्षेप

### रेंगाकठेरा में युवक ने लगाई फांसी

**बालोद।** गुण्डरदेही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रेंगाकठेरा में 25 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारण से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।



घटना बुधवार रात करीबन 8 बजे की बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही गुण्डरदेही पुलिस मौके पर पहुंच शव का पंचनामा किया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मृतक का नाम पवन धनकर पिता भूषण धनकर है। पुलिस बताया कि 10 महीने पहले ही युवक की शादी हुई थी। वह अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था, उनकी तीन बहने हैं।

### युवती ने लगाई फांसी

**बालोद।** ग्राम परसोदा में 20 वर्षीय कॉलेज की छात्रा ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना बुधवार दोपहर 12 बजे की बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक छात्रा तनुजा पिता शत्रुहन मूल निवासी बिटाल जो अपने बड़े पिता के घर परसोदा में रहकर डौंडीलोहारा के कॉलेज में पढ़ाई करती थी। बताया जा रहा है कि घटना के समय घर में कोई नहीं था और इसी दौरान युवती ने फांसी लगा ली। घटना की जानकारी जब परिजनों को हुई तो खिड़की से देखा तो तनुजा तड़प रही थी। फांसी का फंदा काटकर अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। पुलिस जांच कर रही है।

## सियासत : कांग्रेस जिला अध्यक्ष बंशी ने पद के साथ पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से दिया इस्तीफा

# मैंने कभी सोचा नहीं था कि मुझे इस जीवन में कांग्रेस पार्टी में ऐसे अपमान भरे दिन देखने पड़ेंगे : पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की प्रक्रिया जारी है। इस बीच कांग्रेस संगठन की आपसी खींचतान का बड़ा मामला सामने आया है। बड़ा मामला इसलिए कि अपनी अहवेलना से नाराज जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशी पटेल ने गुरुवार को जिलाध्यक्ष के पद के साथ-साथ कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से भी त्याग पत्र दे दिया।

उन्होंने स्थानीय नेता के साथ ही प्रदेश के पार्टी नेताओं पर भी गंभीर व अपमानित करने का आरोप लगाया है। प्रदेश के नेताओं पर उनके गुस्से को इस बात से जाना जा सकता है, कि उन्होंने अपना तीन पेज का त्याग पत्र सीधे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम से प्रेषित किया है। अपने त्यागपत्र में श्री पटेल ने कहा है कि मैंने कभी सोचा नहीं था कि मुझे इस जीवन में कभी कांग्रेस पार्टी में ऐसे भी अपमान भरे दिन देखने पड़ेंगे। अतः अत्यंत भारी मन से स्वयं को भारी अपमानित महसूस करते हुए अपनी मातृ पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से एवं जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी बेमेतरा से तत्काल प्रभाव से अपना त्याग पत्र दे रहा हूँ। उन्होंने त्यागपत्र की प्रतिलिपि पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, केसी वेणुगोपाल, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को भी प्रेषित की है।

### प्रदेश नेताओं को बताई स्थिति, पर किसी ने नहीं दिया ध्यान

बता दें कि जिले की राजनीति में बंशी पटेल कांग्रेस के कद्दावर नेता एवं पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे के खास नेताओं में गिने जाते हैं। श्री पटेल ने जय जोहार से त्याग पत्र की शुरुआत करते हुए लिखा है कि कांग्रेस परिवार में जन्म लेकर विगत 52 वर्षों से सक्रिय रहकर पार्टी की निरंतर सेवा कर रहा हूँ। इस अवधि मैं 8 बार ग्राम पदमी का सरपंच रहा, दो बार जनपद सदस्य, तीन बार अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति, तीन बार मार्केटिंग सोसायाटी का सदस्य निर्वाचित रहा हूं। उन्होंने कहा कि बेमेतरा जिले में पार्टी की स्थिति को लेकर मैंने पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गाँधी, प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, सह प्रभारी विजय जांगीड़, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र लिख चुका हूँ। परन्तु विडंबना है कि इस पर कोई प्रति उत्तर आज तक नहीं मिला। उन्होंने कहा कि मैंने कांग्रेस पार्टी को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य व पार्टी की रीति-नीति से हटकर कार्य करने वालों के विरूद्ध पार्टी के संविधान के अनुरूप कारवाई की थी, जिसकी संपूर्ण जानकारी सह प्रभारी छत्तीसगढ़ श्री जांगेड़ से रूबरू मिलकर दी थी, फिर भी कोई प्रतिक्रिया अथवा प्रति उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।



### खास बातें

- सीधे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भेजा इस्तीफा,
- प्रदेश पदाधिकारियों पर लगाया षड्यंत्र कर अपमानित करने का आरोप
- प्रदेश महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू व पूर्व व धायक छाबड़ा की कार्यशैली पर किया आक्षेप

### संगठन दरकिनार

श्री पटेल ने कहा कि जिला चयन समिति की बैठक बुलाकर प्रदेश सह प्रभारी विजय जांगीड़ को चयनित उम्मीदवारों की 22 प्रति बनाकर जमा किया। 26 जनवरी को सुबह 11 बजे बैठक में दोपहर 2 बजे बैठक प्रारम्भ होने की सूचना दी गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष मौजूद नहीं थे। इस पर सूची विजय जांगेड़ को सौंपी गई। लेकिन, सह प्रभारी ने बताया कि उम्मीदवारों का चयन पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा से पूछकर ही किया जाएगा। इस पर मैंने संगठन का महत्व और जिला समन्वय समिति का महत्व जानना चाहा। जब संगठन की इसमें कोई भूमिका नहीं है, तो मुझे वहां रहना उचित नहीं लगा और मैं वापस आ गया और प्रदेश अध्यक्ष ने बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा को जिला समन्वयक नियुक्त करने का एक पक्षीय आदेश जारी कर दिया, जो मुझे अपमानित करने के उद्देश्य से लिया गया निर्णय प्रतीत हुआ।

### समानांतर पर्यवेक्षक बनाकर किया गया विवाद, संगठन की छवि धूमिल

श्री पटेल ने पत्र में कहा है कि आसन्न नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की घोषणा के बाद प्रदेश अध्यक्ष बैज ने जिला अध्यक्षों की बैठक बुलाकर पर्यवेक्षक नियुक्त करने एवं जीत पाने में सक्षम कांग्रेस उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त कर विधिवत प्रदेश कार्यालय भेजने के लिए मौखिक निर्देश दिए थे। प्रदेश अध्यक्ष के अदेशानुसार मैंने स्थानीय स्तर पर परिवेक्षक नियुक्त कर, इसकी जानकारी प्रदेश कार्यालय भिजवाई। परन्तु प्रदेश कार्यालय से महामंत्री मलकीत सिंह गैंदु द्वारा समानान्तर रूप से परिवेक्षक नियुक्त कर दिया गया। इससे विरोधाभासी स्थिति के कारण अनावश्यक रूप से विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। फिर भी स्थिति की गम्भीरता को देखते हुए मैंने शालीनता के साथ जीत पाने में सक्षम पार्टी आवेदन प्राप्त करता रहा। इस बीच एक बार फिर प्रदेश कार्यालय से दूसरा आदेश जारी करते हुए जिला समिति का गठन करने का निर्देश प्राप्त हुआ। आदेश के परिपालन में वरिष्ठ नेताओं एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं की सहभागिता प्रदान करते हुए जिला समन्वय समिति का गठन किया। फिर बैठक रखकर निकाय चुनाव पर प्रदेश कार्यालय के दिए गए दिशा निर्देश की जानकारी देते हुए जीत सकने वाले उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त कर प्रदेश कार्यालय को प्रेषित किये जाने की प्रक्रिया की गई।

### 6 साल के लिए निष्कासित व्यक्ति को दिया गया टिकट

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री खड़ेगे को भेजे अपने त्याग पत्र में प्रदेश महामंत्री मलकीत सिंह गेंदु व पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा की कार्यशैली पर आक्षेप लगाते हुए श्री पटेल ने कहा कि इनके समाज की जनसंख्या छत्तीसगढ़ में नहीं के बराबर है। उन्होंने खुलकर आरोप लगाया कि प्रदेश महामंत्री मलकीत सिंह गेंदु ने अपने स्वजातीय व्यक्ति को उपकृत करने के लिए यह षडयंत्र किया है। उनकी शह पर ही पूर्व विधायक छाबड़ा ने बेमेतरा नगर पालिका में ऐसे व्यक्ति को अध्यक्ष के लिए नामित किया है, जो कि अभी अभी 6 वर्षों के लिए कांग्रेस से निष्कासित किया गया था। जिसने ब्लॉक कांग्रेस भवन बेमेतरा के किराए में 5 लाख 41 हजार रूपये की जहां हेराफेरी की है, वहीं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रहते हुए भारी अनियमितता कर कांग्रेस पार्टी को आर्थिक हानि पहुंचायी है।

### नगर पंचायत कुसमी का टिकिट भाजपा के दावेदार को दिया गया

श्री पटेल ने पत्र में आरोप लगाया है कि जिले की कुसमी नगर पंचायत के अध्यक्ष पद पर ऐसे व्यक्ति चन्द्रप्रकाश साहू को कांग्रेस से टिकट दिया गया है, जो दो दिन पहले तक भाजपा से टिकट की दावेदारी कर रहा था। उसका नाम भाजपा के पैनल में दूसरे नंबर पर था। वह प्रदेश के वन मंत्री केदार कश्यप का कट्टर समर्थक है। उन्होंने यहां उल्लेख किया है कि चन्द्रप्रकाश साहू के फेसबुक पेज पर व सोशल मीडिया में भाजपा में सम्बध देखे जा सकते हैं। वहीं, कांग्रेस के सच्चे सिपाहियों की उपेक्षा की गई है।






### नगरपालिकाओं के आम निर्वाचन के लिए व्यय प्रेक्षक की नियुक्ति

**बेमेतरा।** नगर पालिकाओं के आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत बेमेतरा जिले के लिए बसंत गुलेरी, वरिष्ठ लेखाधिकारी, जिला पंचायत रायगढ़ व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही, व्यय प्रेक्षक के सहयोग के लिए नितीन खण्डुजा आबकारी अधिकारी, बेमेतरा को लायजनिंग ऑफिसर और दयालाल साहू, आबकारी उपनिरीक्षक को सहायक लायजनिंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान कार्य सुविधा के लिए आबकारी विभाग के वाहन क्रमांक सी.जी.04 पी.डी.7729 को व्यय प्रेक्षक के लिए अधिग्रहित किया गया है। इस निर्णय से निर्वाचन प्रक्रिया में व्यय की सटीक निगरानी और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी।






### नगरीय निकाय चुनाव के लिए नाम वापसी की अंतिम तिथि आज

**बालोद।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 कार्य के अंतर्गत नगरीय निकाय आम निर्वाचन के अंतर्गत नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अध्यक्ष तथा पार्षद पदों के लिए नाम निर्देशन पत्र जमा करने वाले अभ्यर्थियों द्वारा अपने अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तिथि शुक्रवार 31 जनवरी को निर्धारित की गई है। इसके अंतर्गत नगर पालिका एवं नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षद पद हेतु अपने अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने के इच्छुक अभ्यर्थी शुक्रवार 31 जनवरी को दोपहर 03 बजे तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। इसके साथ ही शुक्रवार 31 जनवरी को रिटर्निंग ऑफिसरों द्वारा अभ्यर्थियों की सूची तैयार, प्रकाशन एवं प्रतीक चिन्हों का आबंटन भी किया जाएगा।

### जिला पंचायत सदस्य के लिए 15 लोगों ने भरा नामांकन

**बालोद।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत जिला पंचायत सदस्यों के नामांकन की प्रक्रिया जारी है। रिटर्निंग आफिसर (पंचायत) जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने बताया कि नाम निर्देशन पत्र प्राप्त एवं जमा करने की अंतिम तिथि 03 फरवरी 2025 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि 27 जनवरी को 12 अभ्यर्थियों, 28 जनवरी को 12, 29 एवं 30 जनवरी को 09–09 अभ्यर्थियों सहित कुल 42 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया है। जिसमें से 28 जनवरी को 01 अभ्यर्थी, 29 जनवरी को 03 एवं 30 जनवरी को 11 अभ्यर्थियों सहित कुल 15 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है।




# स्क्रूटनी में मेयर पद के सभी नामांकन सही, पार्षद के दो खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम रायपुर के महापौर और वार्ड पार्षद पद के लिए प्रत्याशियों द्वारा भरे गए नामांकन पत्रों की बुधवार को स्क्रूटनी की गई। इस दौरान महापौर पद के लिए आए सभी 28 नामांकन सही पाए गए, वहीं पार्षद पद के दो प्रत्याशियों के नामांकन में त्रुटि पाए जाने पर खारिज किया गया। पार्षद पद के लिए रायपुर के 70 वार्डों के लिए कुल 419 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किए गए हैं, जिनमें 417 प्रत्याशियों के नामांकन सही पाए गए हैं। सही पाए गए सभी प्रत्याशी अब चुनाव लड़ सकेंगे।

## रायपुर के 70 वार्डों के लिए कुल 419 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किए गए

### नामांकन वापस कल अपरान्ह 3 बजे तक

नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी के बाद नामांकन वापस लेने की प्रक्रिया शुरू होगी। यह प्रक्रिया आज और कल दो दिन रहेगी। यानी 31 जनवरी को अपरान्ह 3 बजे तक नामांकन वापस लिए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि महापौर और पार्षद पद के लिए राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अलावा बड़ी संख्या में निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी नामांकन दाखिल किया है। इनमें महापौर पद के लिए कुछेक पार्टी से दो प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। इनमें से एक प्रत्याशी अपना नामांकन वापस ले सकता है, वहीं कुछ ऐसे भी प्रत्याशी है जो महापौर और पार्षद दोनों पद के लिए नामांकन भरे हैं। ऐसे प्रत्याशी भी एक पद से अपना नामांकन वापस ले सकता है। इसके अलावा कई निर्दलीय महापौर और पार्षद प्रत्याशी भी नामांकन वापस ले सकते हैं।



### दो पार्षद प्रत्याशी के नामांकन खारिज

स्क्रूटनी के दौरान महापौर के सभी 28 प्रत्याशियों के नामांकन सही है। पार्षद प्रत्याशियों में दो के नामांकन खारिज हुए हैं।

*- उमाशंकर बंदे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी*

***कलेक्टोरेट में दिनभर बना रहा गहमागहमी का माहौल :*** नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी के दौरान कलेक्टोरेट में दिनभर गहमागहमी का माहौल बना रहा। स्क्रूटनी के दौरान पार्षद दल के प्रत्याशियों के अलावा कई महापौर प्रत्याशियों तथा उनके समर्थकों की भीड़ भी दिनभर कलेक्टोरेट में लगी रही। इधर प्रत्याशियों के बैठने के लिए प्रशासन की ओर से कलेक्टर चैंबर के सामने गार्डन में प्लास्टिक कुर्सियों की विशेष व्यवस्था की हुई थी। स्क्रूटनी सुबह 10.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक चली। इसके बाद दावा-आपत्तियां ली गई। हालांकि अधिकारियों के अनुसार कुछ आपत्तियां आई थी, जिसका निराकरण कर दिया गया। इनमें एक आपत्ति प्रत्याशी के जाति प्रमाण-पत्र को लेकर भी आई थी, जिसे खारिज किया गया।

## खबर संक्षेप




### राज्यपाल ने विद्यार्थियों और शिक्षकों का किया सम्मान

**रायपुर।** भाटागांव स्थित नगर माता बिन्नी बाई सोनकर अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य डा. मंजू अग्रवाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। साथ ही सभी उपस्थित शिक्षकों, विद्यार्थियों व उनके परिजनों द्वारा राष्ट्रीय गान गाकर, राष्ट्र के प्रति सम्मान और देश प्रेम की भावना प्रकट की गई। यह गणतंत्र दिवस शाला के लिए अति विशेष हो गया, जब यहां के विद्यार्थियों को पुलिस परेड ग्राउंड में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने का प्रथम अवसर प्राप्त हुआ। विद्यार्थियों और शिक्षकों की निरंतर मेहनत रंग ली और विद्यालय को 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। राज्यपाल रमेन डेका ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। पुलिस परेड ग्राउंड में स्कूल की प्राचार्य डॉ मंजू अग्रवाल, बिहारी लाल शर्मा, मिथिलेश देवांगन के साथ समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

### दीक्षा और विद्यारंभ संस्कार के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**रायपुर।** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर समता कॉलोनी स्थित गायत्री शक्तिपीठ और गायत्री परिवार के कई अन्य केंद्रों में बच्चों को संस्कार दिया जाएगा। मीडिया प्रभारी आरके शुक्ला ने बताया कि दीक्षा और विद्यारंभ संस्कार के लिए गायत्री शक्तिपीठ में रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। गायत्री परिवार ट्रस्ट द्वारा मिली जानकारी के अनुसार शक्तिपीठ में सुबह 8 बजे से सामूहिक दीक्षा और यज्ञोपवीत संस्कार की शुरुआत होगी। इसी तरह सुबह 9 बजे सामूहिक रूप से विद्यारंभ संस्कार कराया जाएगा।

# नकली सॉफ्टवेयर से कुम्हारी टोल प्लाजा में अवैध वसूली, अफसर बोले जांच की जा रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

फर्जी सॉफ्टवेयर अपडेट कर कुम्हारी में अवैध रूप से रोजना लाखों रुपए की वसूली की जा रही है। अवैध वसूली का भंडाफोड़ उत्तरप्रदेश टॉस्क फोर्स द्वारा गिरोह के पकड़े जाने के बाद हुआ। इस संबंध में टोल प्लाजा प्रबंधन अब भी किसी तरह की अवैध वसूली करने की बात से इनकार कर रहा है। एनएचएआई के अफसर मामले की जांच होने की बात कह रहे हैं। ऐसे में टोल से होकर आने-जाने वाले लोगों को टोल को लेकर संदेह है। टोल पटाने वाले वाहन मालिकों को अपनी जेब काटे जाने की आशंका है।

- ठेका कंपनी ने किसी भी तरह के फर्जीवाड़े से किया इनकार

पिछले दिनों यूपी टास्क फोर्स ने एक गिरोह का भंडाफोड़ कर दावा किया है कि गिरोह फर्जी सॉफ्टवेयर अपडेट कर टोल की राशि अपने अकाउंट में ट्रांसफर करने का काम कर रहा है। एसटीएफ ने अपनी जांच में पाया कि जालसाजी करने वाले गिरोह के लोग वीआईपी तथा बगैर फास्ट टैग से गुजरने वाले वाहनों को फ्री दिखाकर उनसे वसूली रकम को अपने पर्सनल अकाउंट में ट्रांसफर कराने का काम कर रहे हैं। फर्जीवाड़ा करने जालसाजों का साफ्टवेयर एनएचआई द्वारा जारी पर्ची की तरह दिखता है।

### छूट प्राप्त वाहन बताते थे

फर्जी सॉफ्टवेयर के माध्यम से टोल की राशि फर्जीवाड़ा करने का मास्टर माइंड बनारस निवासी अलोक सिंह का नाम सामने आया है। एसटीएफ को आशंका है कि फर्जीवाड़ा में टोल ठेका लेने वाली ठेका कंपनी भी शामिल हो सकती है। जिन वाहनों की टोल राशि अपने अकाउंट में जालसाज ट्रांसफर करते थे, उन वाहनों को जालसाज फ्री पास की गाड़ी बताकर फर्जीवाड़ा छिपाने की कोशिश कर रहे थे।




### दोगुनी राशि की वसूली

केंद्रीय परिवहन मंत्रालय के नियम के अनुसार जिन गाड़ियों में फास्ट टैग नहीं लगा होता है, उन गाड़ी मालिकों से दोगुनी राशि वसूल करने का नियम है। ऐसे में जालसाज बगैर फास्ट टैग लगी गाड़ियों से दोगुनी राशि वसूल कर अपने अकाउंट में ट्रांसफर कराने का काम कर रहे थे।

### पूर्व में टोल नाके में काम कर चुका है सरगना

फर्जी सॉफिटवेयर के माध्यम से टोल नाका की राशि अपने अकाउंट में ट्रांसफर कराने का मास्टर माइंड आलोक सिंह एमसीए पास है। वह पूर्व में किसी रिद्धि-सिद्धि कंपनी के टोल प्लाजा में काम करता था। वहीं से टोल प्लाजा का ठेका लेने वाली कंपनियों और फर्मों के संपर्क में आया। इसके बाद टोल प्लाजा मालिकों की मिलीभगत से एक सॉफ्टवेयर बनाया। टोल प्लाजा पर लगे एनएचएआई कंप्यूटर में अपना बनाया सॉफ्टवेयर इंस्टॉल कर दिया।

### इन चार टोल प्लाजा में भी अवैध वसूली

फर्जी साफ्टवेयर इंस्टाल कर टोल राशि फर्जीवाड़ा करने के मामले में यूपी एसटीएफ ने कुम्हारी के साथ बिलासपुर स्थित भोजपुरी टोल प्लाजा, कोरिया स्थित महाराजपुर टोल प्लाजा, कवर्धा स्थित मुड़ीपारा टोल प्लाजा में फर्जीवाड़ा होने का खुलासा किया है।

### माह पूर्व टोल बंद करने सांसद ने की है सिफारीश

कुम्हारी टोल प्लाजा में लागत राशि से कई गुना ज्यादा की राशि वसूल की जा चुकी है। कुम्हारी टोल प्लाजा दो दशक से ज्यादा समय से संचालित हो रहा है। टोल प्लाजा बंद करने अलग-अलग स्वयं सेवी संगठनों के साथ लोग मांग करने के साथ प्रदर्शन भी कर चुके हैं। पिछले महीने रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गड़करी से मिलकर कुम्हारी टोल प्लाजा को बंद करने मांग की है।

### कार्रवाई की जाएगी

टोल प्लाजा में फर्जी साफ्टवेयर इंस्टाल करने के मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी बातें सामने आएंगी, उस हिसाब से कार्रवाई की जाएगी। *-दिग्विजय सिंह, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, एनएचएआई*

### इस तरह की कोई बात नहीं

ऐसा कोई भी मामला सामने नहीं आया है। इसके अलावा इस तरह की कोई टीम आई होगी, तो जानकारी नहीं है। हमारे टोल में इस तरह का कोई भी फर्जीवाड़ा नहीं है। सब नियम के तहत काम किए जाते हैं। *- दिलीप सिंह, मैनेजर, टोल प्लाजा कुम्हारी*

# कांग्रेस छोड़ आप में शामिल हुए समीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कांग्रेस के पार्षद और एमआईसी सदस्य समीर अख्तर ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा देकर आम आदमी पार्टी ज्वाइन कर लिया है। उन्होंने कहा, आप की विचारधारा हिंदू - मुस्लिम- सिख- ईसाई आपस में सभी भाई-भाई की है, इसलिए मैंने आम आदमी ज्वाइन किया है। मंगलवार को समीर ने शहीद राजीव पाण्डेय से निर्दलीय पर्चा भरा था, अब वे आप के प्रत्याशी होंगे।

- अब राजीव पांडेय वार्ड से लड़ेंगे चुनाव

आप के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा, अब देश की जनता आम आदमी पार्टी के जनहित कार्यों की सराहना करने लगी है और अरविंद केजरीवाल की राजनीति से प्रभावित हो रही है।

आने वाले दिनों में कुछ अन्य नेता भी आम आदमी पार्टी ज्वाइन कर सकते हैं। उन्होंने कहा, बिलासपुर के बोदरी नगर पालिका में पूर्व कांग्रेसी पार्षदों ने कांग्रेस से नाराज होकर अध्यक्ष पद सहित 10 पार्षद प्रत्याशी आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। बोदरी नगर पालिका में करीब 500 समर्थकों के साथ अध्यक्ष पद प्रत्याशी नीलम विजय वर्मा ने आम आदमी पार्टी की ओर से नामांकन भरा है।

बोदरी नगर पालिका से पार्टी में शामिल होने वालों में नीलम विजय वर्मा, संतोषी राकेश वर्मा, सीमा गोस्वामी, पार्षद भावना चन्द्र खत्री, पूर्व पार्षदों में श्याम आर्य, राजेश शर्मा, डॉली दीपक जगवानी, विजय वर्मा 3 बार के पार्षद सहित सैकड़ों नेता शामिल हैं।



### इन पार्षदों का टिकट कटा

कांग्रेस ने जिन सिटिंग पार्षदों का टिकट काट दिया, उनमें पार्षद सुरेश चन्नावार, हरदीप सिंह होरा 'बंटी', पुरुषोत्तम चंद्र बेहरा, आकाश तिवारी, अनवर हुसैन, रितेश त्रिपाठी और समीर अख़्तर का टिकट कटा है। बताया गया है कि आरक्षण के कारण कुछ पार्षदों को टिकट नहीं दिया गया है।

उप मुख्यमंत्री साव बोले

# निगम में हुए घोटालों पर भाजपा लाएगी आरोप पत्र




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

उप मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, नगर निगम में कांग्रेस के घपले और घोटाले को लेकर भाजपा आरोप पत्र लेकर आएगी। आरोप पत्र की जांच के बाद कार्रवाई भी की जाएगी।

एकात्म परिसर में संवाददताओं से चर्चा में उन्होंने कहा, नगर निगम में कांग्रेस ने जो शहरों की दुर्दशा की है, घपले और घोटाले किए हैं, हर एक मामले प्रदेश की जनता के सामने हैं।

निकायों में कांग्रेस के घपले-घोटालों पर हम आरोप पत्र लाने वाले हैं और समय आने पर उसकी जांच कर उस पर कड़ी कार्रवाई करेंगे। प्रदेश की जनता के साथ अन्याय और अत्याचार किसी कीमत पर हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसके लिए भारतीय जनता पार्टी प्रतिबद्धता से काम करेगी और इन्हीं सारे मुद्दों को लेकर हम जनता के बीच जा रहे हैं और जनता का भरपूर आशीर्वाद हमें प्राप्त हो रहा है।

### सभी निकायों में जीतेगी भाजपा

उन्होंने बताया कि मुताबिक नामांकन के दौरान उन्हें लोरमी, मुंगेली, बिलासपुर जैसे अन्य जगहों के रैली में शामिल होने का अवसर मिला। नामांकन रैली में लोगों का उत्साह देखने को मिला और यह उत्साह ठीक वैसा ही था जैसे साल 2023 के विधानसभा चुनाव, साल 2024 में लोकसभा चुनाव और रायपुर दक्षिण के उपचुनाव में था। आम जनता में वैसा ही उत्साह आज भी नगरीय निकाय चुनाव में देखने को मिल रहा है। जिस तरह से आम जनता इस नामांकन रैली में शामिल हुई है, ऐसे में यह बताता है कि भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में लहर चल रही है। सभी नगरीय निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी चुनाव जीतने वाली है।

### कांग्रेस में कार्यकर्ताओं की उपेक्षा और अपमान

अरुण साव ने कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी पर भी अपनी राय दी है। उन्होंने बताया कि पिछले पांच दिनों से कांग्रेस में आपाधापी मची है। किस तरह से कांग्रेस प्रत्याशी का चयन हो रहा है, कैसे प्रत्याशियों का चयन हो रहा है, ये बात भी महत्वपूर्ण है। दुर्भाग्यजनक है कि महापौर जैसे पद के लिए कांग्रेस को जमीन पर काम करने वाली कांग्रेस नेत्री नहीं मिली। जमीनी स्तर पर काम करने वाले कांग्रेस के कार्यकर्ता की उपेक्षा और अपमान कांग्रेस पार्टी ने किया है। कांग्रेस पार्टी को कम से कम नगर निगम में महापौर पद के लिए ऐसे प्रत्याशी को उतारना था, जिन्होंने कांग्रेस पार्टी और संगठन के लिए काम किया हो। इससे साफ है कि ऐसे प्रत्याशी भी कांग्रेस के पास वर्तमान में नहीं है।

### भाजपा चुनाव कराना ही नहीं चाहती थी : सुशील



डिप्टी सीएम अरुण साव के बयान पर पलटवार करते हुए प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, कांग्रेस पार्टी तो पहले से तैयार थी। हमारे कार्यकर्ता तैयार थे। भारतीय जनता पार्टी पूरी तरीके से नगरीय निकाय पंचायत चुनाव में हारेगी। भारतीय जनता पार्टी नगरीय निकाय चुनाव और पंचायत चुनाव कराना नहीं चाहती थी। सरकार ने पूरी ताकत लगाकर विलंब किया, उसके बाद चुनाव कराए।

# नामांकन के बाद जारी हुई कांग्रेस पार्षद प्रत्याशियों की पूरी सूची

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कांग्रेस ने नामांकन के दिन तड़के पार्षदों की सूची जारी कर कई पूर्व और सीनियर पार्षदों को चुनाव मैदान पर नहीं उतारा। संगठन के निर्देश पर हर वार्ड के वर्तमान पार्षदों के बारे में जो सर्वे रिपोर्ट आई, उसके आधार पर उनका टिकट काट दिया गया। संगठन के 10 पदाधिकारियों और साहू समाज के एक दर्जन लोगों को टिकट दिया, वहीं कुछ पूर्व पार्षदों का वार्ड महिला आरक्षण होने पर वहां से उनकी पत्नियों को चुनाव में उतारा गया है। कांग्रेस ने जिन चार वार्डों में प्रत्याशी घोषित नहीं किया था, उन्हें बुधवार को जारी की गई।

रायपुर के होल्ड चार वार्डों में कांग्रेस ने प्रत्याशियों के नाम का ऐलान कर दिया है। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार पूर्व मेयर एजाज ढेबर की पत्नी अंजुमन ढेबर का नाम तय कर लिया गया है। मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड से अंजुमन ढेबर, डॉ राजेंद्र प्रसाद वार्ड से रोहित साहू, लेफ्टिनेंट अरविंद दीक्षित वार्ड से सुरजीत साहू और मदर टेरेसा वार्ड से ताराचंद यादव का नाम तय किया गया है। पार्षदों की जो सूची जारी हुई है, उनमें नाम इस प्रकार हैं- नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब कांग्रेस की पूरी सूची जारी हुई है।

## सर्वे में आए नामों के आधार पर 8 पार्षदों के टिकट काटे

| वार्ड - | प्रत्याशी |
|---|---|
| 1- वीर सावरकर नगर | संदीप साहू |
| 2- जवाहर लाल नेहरू | घनश्याम तांडी |
| 3- संत कबीर दास | पप्पू बागड़ |
| 4- यतियतन लाल | किरण वर्मा |
| 5- बंजारी माता | राधिका नागभूषण राव |
| 6- वीरांगना अवंती बाई | राधेश्याम विभार |
| 7- कुशाभाऊ ठाकरे | श्याम पटेल |
| 8- महात्मा गांधी | गायत्री वंद्राकर |
| 9- मोतीलाल नेहरू | गावेश साहू |
| 10- रानी लक्ष्मी बाई | मनोज वर्मा |
| 11- डा. भीमराव आंबेडकर | हेमंत पटेल |
| 12- कालीमाता | प्रियंका भारद्वाज |
| 13- राजीव गांधी | नीतू घनश्याम तिवारी |
| 14- रमण मंदिर | आसिफ मेमन |
| 15- कन्हैया लाल बाजारी | घनश्याम देवांगन |
| 16-वीर शिवाजी | विकास वर्मा |
| 17- ठक्कर बापा | दिनेश्वरी अन्नू राम साहू |
| 18- बालगंगाधर | जितेंद्र साहू |
| 19- अब्दुल कलाम | वारेन साहू |
| 20-रामकृष्ण परमहंस | श्रीकुमार मेनन |
| 21- शहीद भगत सिंह | कुमकुम झा |
| 22- ईश्वरी चरण शुक्ल | निलीमा सिंह |
| 23- मनमोहन बक्षी | रोनीता प्रकाश जगत |
| 24- सरदार वल्लभ भाई पटेल | दीप मणीराम साहू |
| 25- संतराम दास | तरूण श्रीवास |
| 26- दानवीर भामाशाह | रूखमणी सुदंरलाल जोगी |
| 27- इंदिरा गांधी | दलजीत चावला |
| 28- शहीद हेमू कालाणी | जी श्रीनिवास |




| वार्ड - | प्रत्याशी |
|---|---|
| 29- गुरू गोविंद सिंह | सेवक महानंद |
| 30- शंकर नगर | मनोज मसंद |
| 31- नेताजी सुभाष चंद्र बोस | दिशा धोतरे |
| 32- महर्षि वाल्मीकि | संगिता निषाद |
| 33- शहीद वीर नारायण सिंह | प्रमोद मिश्रा |
| 34- रविशंकर शुक्ल | कामरान अंसारी |
| 35- अब्दुल हमीद | शेख मुनीर |
| 36- तात्यापारा | संतरी हरीश साहू |
| 37- चूड़ामणि नायक | दाउलाल साहू |
| 38- आत्मानंद | विकास अग्रवाल |
| 39- ठाकुर प्यारेलाल | संगिता दुबे |
| 40-दीनदयाल उपाध्याय | शशिकांत साहू |
| 41- सुंदर लाल शर्मा | भारती शर्मा |
| 42- महंत लक्ष्मी नारायण | बंशी कन्नौजे |
| 43- ब्राह्मणपारा कंकाली पारा | मनोज सोनकर |

| वार्ड - | प्रत्याशी |
|---|---|
| 44- विवेकानंद नगर सदर बाजार | राहुल तिवारी |
| 45- अब्दुल रउफ | अंजुमन ढेबर |
| 46- सिविल लाइन | नीलम नीलकंठ जगत |
| 47- मदर टेरेसा | ताराचंद यादव |
| 48- गुरु घासीदास | शीतल कुलदीप |
| 49- रानी दुर्गावती | प्रभजोत सिंह लाडी |
| 50- विद्याचरण शुक्ल | सहदेव व्यवहार |
| 51- लाल बहादुर शास्त्री | रेणु जयंत साहू |
| 52- राजेंद्र प्रसाद - | रोहित साहू |
| 53- बाबू जगजीवन राम | सूरज जांगडे |
| 54- सुधीर मुखर्जी निर्मलकर | उषा चंद्रहास |
| 55- रवींद्रनाथ टैगोर | मान सिंह ध्रुव |
| 56- अरविंद दीक्षित | सुरजीत साहू |
| 57- भगवती चरण शुक्ल | एजाज ढेबर |
| 58- शहीद पंकज विक्रम | मोनिका जैन |
| 59- मोरेश्वर राव गद्रे | कविता अमित दास |
| 60- चंद्रशेखर आजाद | कोमल साहू |
| 61-श्यामा प्रसाद मुखर्जी | ब्रम्हा सोनकर |
| 62- राजीव पांडेय | देवेंद्र यादव |
| 63- ब्रिगेडियर उस्मान | सतनाम सिंह पनाग |
| 64- विपिन बिहारी सूर | संजीव सिंह यादव |
| 65- महामाया मंदिर | जयश्री नायक |
| 66- वामनराव लाखे | सर्वजीत सिंह ठाकुर |
| 67- भक्त माता कर्मा | पूर्णिमा उत्तम साहू |
| 68- डा. खूबचंद बघेल | डॉ. सुभाषिनी देवांगन |
| 69- माधवराव सप्रे | हिरेंद्र देवांगन |
| 70- संत रविदास | देवेंद्र कुमार साहू |

# मतदाताओं के लिए हर वार्ड में लगेगी ईवीएम की प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव में इस बार इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का इस्तेमाल किया जाएगा। ईवीएम को लेकर मतदाताओं की जिज्ञासाओं को शांत करने के उद्देश्य से राज्य निर्वाचन आयोग निकाय क्षेत्र के हर वार्ड में प्रदर्शन और जानकारी केंद्र बनाने के साथ नोडल अधिकारी नियुक्त करेगा। जानकारी के अनुसार, प्रत्येक प्रदर्शन केन्द्र में मास्टर ट्रेनर की ड्यूटी लगाई जाएगी। वे ईवीएम के संचालन एवं मतदान प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी आम नागरिकों को डिमोस्ट्रेट करके बताएंगे। साथ ही उनकी शंकाओं का निराकरण करेंगे। नाम वापसी की तिथि से मतदान के दो दिवस पूर्व तक ईवीएम का प्रदर्शन किया जाएगा। डमी मतपत्र का प्रयोग उसमें किया जाएगा। डमी मतपत्र में निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की संख्या समान हो सकती है, लेकिन निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के नाम एवं प्रतीक डमी मतपत्र में मुद्रित नहीं होंगे। प्रत्येक जिले में चुनाव नियम और ईवीएम डेमो के लिए मीडिया वर्कशॉप का भी आयोजन किया जाएगा।

- ईवीएम के संचालन और मतदान प्रक्रिया की देंगे जानकारी

# भाजपा पार्षद प्रत्याशी का जाति प्रमाणपत्र ओडिशा का, आपत्ति पर हुई सुनवाई, आपत्ति खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम रायपुर के पार्षद पद के लिए भरे गए नामांकन पत्रों की बुधवार को स्क्रूटनी की गई। इस दौरान एक व्यक्ति ने रिटर्निंग ऑफिसर व अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर की कोर्ट में सिविल लाइन वार्ड क्रमांक-46 से भाजपा प्रत्याशी संजना संतोष हियाल के जाति प्रमाणपत्र को लेकर आपत्ति लगाई। आपत्तिकर्ता की ओर से वकील ने आरोप लगाया कि संजना हियाल का जाति प्रमाणपत्र ओडिशा का है। वह मूलतः ओडिशा की रहने वाली है।

नियम के तहत नामांकन के लिए प्रदेश का जाति-प्रमाणपत्र होना जरूरी है, इसलिए उसका नामांकन निरस्त होना चाहिए। इधर भाजपा प्रत्याशी की ओर से वकील ने जवाब में कहा है कि प्रत्याशी ने आवेदन के साथ शपथपत्र प्रस्तुत किया है और जिस जाति का उसका प्रमाणपत्र बना है, वह छत्तीसगढ़ की सूची में भी शामिल है। कोर्ट ने दोनों पक्षों का तर्क सुनने के बाद आपत्ति को खारिज कर दिया। सिविल लाइन वार्ड क्रमांक-46 से संजना हियाल ने भाजपा पार्टी से पार्षद पद के लिए नामांकन दाखिल किया है। अपने नामांकन में उन्होंने ओडिशा का जाति प्रमाणपत्र पेश किया है।

इस जाति प्रमाणपत्र को लेकर अतीत जोशी नामक व्यक्ति ने आपत्ति लगाते हुए नामांकन को निरस्त करने की मांग की। आपत्तिकर्ता के सीनियर वकील जतिन्दर सिंग सेन्सरी ने बताया कि कोर्ट में उन्होंने आपत्ति लगाते हुए कहा कि राष्ट्रपति अधिनियम 1950 के तहत किसी भी राज्य में चुनाव लड़ने के लिए प्रत्याशी का जाति प्रमाणपत्र उसी राज्य का होना चाहिए, जबकि भाजपा प्रत्याशी ने ओडिशा राज्य का जाति प्रमाणपत्र पेश किया है। इसके जवाब में भाजपा प्रत्याशी के वकील जेपी चंद्रवंशी ने कहा कि उनकी प्रत्याशी विगत वर्षों से यहां निवासरत है और उन्होंने शपथपत्र भी पेश किया है। जाति प्रमाणपत्र जरूर दूसरे राज्य का है, लेकिन जिस जाति का प्रमाणपत्र है, वह जाति छत्तीसगढ़ की सूची में भी शामिल है।




### आंधे घंटे बाद सुनाया फैसला

कोर्ट ने दोनों पक्षों का तर्क सुनने के बाद आधे घंटे के बाद पुनः दोनों पक्षों को बुलाया और यह तर्क देते हुए आपत्ति खारिज कर दी है कि जिस जाति का प्रमाणपत्र है, वह छत्तीसगढ़ की सूची में भी शामिल है। इस संबंध में प्रत्याशी ने शपथपत्र भी पेश किया है। रिटर्निंग ऑफिसर कीर्तिमान सिंह ने आपत्ति खारिज करने की पुष्टि भी की है।

# महापौर के लिए 109 और अध्यक्ष के लिए 816 प्रत्याशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव में नगर निगम महापौर और पालिका अध्यक्ष तथा पार्षद के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गई। प्रदेश के 10 नगर निगम में अध्यक्ष के लिए 109 और 49 नगर पालिका और 114 नगर पंचायत में अध्यक्ष के लिए 816 और पार्षद के लिए कुल 10776 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया।

नामांकन की स्क्रूटनी के बाद जिला प्रशासन ने अंतिम सूची जारी की है। प्रत्याशी 31 जनवरी तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। मंगलवार को नामांकन खत्म होने के पूर्व अंतिम दिन महापौर के लिए 66, नगर पालिका अध्यक्ष के लिए 303 और पार्षद चुनाव लड़ने वाले 6601 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दखिल किया। बताया जाता है कि कांग्रेस और भाजपा के द्वारा प्रत्याशियों की सूची देर से जारी किए जाने के कारण अंतिम दिन पार्टी के अधिकतर प्रत्याशियों ने नामांकन जमा किया।

### रायपुर में सबसे अधिक 28, दुर्ग में सबसे कम 2 प्रत्याशी

महापौर पद के लिए 10 नगर निगमों सबसे अधिक 28 प्रत्याशी रायपुर नगर निगम में हैं। वहीं दुर्ग नगर निगम में सबसे कम 2 प्रत्याशी मैदान में हैं। अंबिकापुर नगर निगम में 6, बस्तर जिले के जगदलपुर नगर निगम में 7, चिरमिरी में 8, रायगढ़ में 9, बिलासपुर में 10, कोरबा में 12, धमतरी में 14, राजनांदगांव में 13 प्रत्याशी मैदान पर हैं।

### आज जारी होगी अंतिम सूची

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 28 जनवरी तक नामांकन प्राप्त करने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी। अभ्यर्थियों से नाम वापस 31 जनवरी तक ली जा सकती है। निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना, प्रकाशन करना और निर्वाचन प्रतिकों का आबंटन के लिए भी 31 जनवरी की तिथि निर्धारित की गई है। 11 फरवरी को मतदान तथा 15 फरवरी को मतगणना एवं निर्वाचन परिणामों की घोषणा की जायेगी।

## खबर संक्षेप

### पैरी में सरपंच पद के लिए वर्षा ने भरा नामांकन



**गुण्डरदेही।** ग्राम पंचायत पैरी के सरपंच पद के लिए पैरी निवासी वर्षा ठाकुर ने नामांकन पत्र दाखिल किया। बता दें कि वर्षा ठाकुर वर्तमान जनपद सदस्य रमा सिंह ठाकुर की बहू हैं। उन्होंने राजनीति में कदम रखते हुए सरपंच के लिए नामांकन भरा है। उन्होंने अपनी सास रमा ठाकुर के साथ गांव के शीतला मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद अपना नामांकन भरा।

### झलमला से सरपंच पद के लिए चुम्मन ने भरा नामांकन




**बालोद।** ग्राम पंचायत झलमला से सरपंच पद के लिए चुम्मन ठाकुर ने अपने दल-बल के साथ नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ पालक ठाकुर, नारायण साहू, देवीसिंह साहू, दिनेश साहू, धनराज साहू, थान सिंह ठाकुर, महेश पटेल, कल्याण साहू, उमा पटेल, कुंती ठाकुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### जिपं क्रमांक तीन से भाजपा ने तारिणी को बनाया उम्मीदवार

**बालोद।** जिला पंचायत क्रमांक 3 से भाजपा ने ग्राम रजोली निवासी तारिणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर को अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है। तारिणी चन्द्राकर को भाजपा द्वारा अधिकृत प्रत्याशी घोषित करने पर कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर मिठाईयां बांटी।

### संकट मोचन हनुमान मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव जारी

**दल्लीराजहरा।** लौह अयस्क नगरी बीएसपी सेंट्रल टाउनशिप वार्ड क्र.08 दल्लीराजहरा स्थित श्री राम मंदिर परिसर में श्री श्री 1008 सदगुरुदेव मौनी बाबा के दिव्य संरक्षण में श्री हनुमत महायज्ञ व हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 30 जनवरी से 3 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति दल्लीराजहरा की ओर से बुधवार को कलश यात्रा श्री राम मंदिर से निकाली गई। गुरुवार को पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, अग्नि पूजन व जलाधिवास किया गया। 31 जनवरी को वेदी पूजन हवन, पुष्पाधिवास, 1 फरवरी को वेदी पूजन हवन, फलाधिवास, 02 फरवरी को वेदी पूजन हवन अन्नाधिवास, 3 फरवरी को वेदी पूजन, प्राण प्रतिष्ठा महा अभिषेक, महा आरती के बाद भण्डारा होगा।

### चुनाव संबंधी शिकायत व सुझाव के लिए कंट्रोल रूम

**बालोद।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद बालोद के निर्वाचन से संबंधित शिकायत व सुझाव के लिए तहसील कार्यालय बालोद में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। उक्त कंट्रोल रूम के सुव्यवस्थित संचालन के लिए 3 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। नगर पालिका परिषद बालोद क्षेत्र में निर्वाचन संबंधी शिकायत व सुझाव के लिए कंट्रोल रूम के नम्बर 9977074384 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

कार्रवाई : थाना डौण्डी अतंर्गत ग्राम नर्राटोला में हुई हत्या का आरोपी गिरफ्तार

# आधी रात घर घुसकर युवती से दुष्कर्म की कोशिश, विरोध किया तो कर दी हत्या

हरिभूमि न्यूज. डोंडी/बालोद/दल्लीराजहरा

डौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम नर्राटोला निवासी युवती धनेश्वरी यादव की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा लेने का दावा किया है। पुलिस ने इस मामले के आरोपी नर्राटोला के ही निवासी आगेश्वर साहू पिता डेरहाराम साहू उम्र 40 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल कर दिया है।

- युवती के घर रात्रिभोज में शामिल हुआ था आरोपी

डौंडी थाने से मिली जानकारी के अनुसार 28 जनवरी को सूचना मिली कि ग्राम नर्राटोला थाना डौण्डी निवासी धनेश्वरी यादव पिता संतराम यादव उम्र 21 वर्ष का शव उसके घर के अंदर कमरे में संदिग्ध अवस्था में मिला है। सूचना पर थाना डौण्डी, दल्ली राजहरा व साइबर सेल की टीम घटना स्थल पहुंची। पुलिस के साथ डॉग स्क्वॉड एवं एफ.एस.एल. वैज्ञानिक भी घटनास्थल पर पहुंचे।

प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत होने पर थाना डौण्डी में मर्ग क्रमांक 04/2025 धारा 194 बीएनएसएस कायम कर प्रकरण में अपराध क्रमांक 15/2025 धारा 103, 331(8) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए नगर पुलिस अधीक्षक राजहरा डॉ.चित्रा वर्मा के नेतृत्व में थाना डौण्डी, दल्ली राजहरा व सायबर सेल की विशेष टीम गठित की गई। उक्त टीम को विवेचना के दौरान पता चला कि धनेश्वरी यादव के घर उसी गांव के निवासी संदेही आगेश्वर साहू पिता डेरहाराम साहू उम्र 40 वर्ष का आना-जाना रहता है। संदेह के आधार पर पड़ोसी आगेश्वर साहू पिता डेरहाराम साहू उम्र 40 वर्ष ग्राम नर्राटोला थाना डौण्डी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर पहले तो वह गोलमोल जवाब देने लगा। लेकिन, सख्ती से पूछताछ करने पर अपराध करना स्वीकार किया। अपराध सबूत पाये जाने पर दिनांक 30.01.2025 को आरोपी को गिरफतार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया है।




### बाहर से लगा दी माता-पिता और भाई के कमरे के दरवाजे की कुंडी

पुलिस के अनुसार आरोपी ने बताया कि रात्रि में करीबन 12 से 01 बजे के बीच वह फिर संतराम के घर के पीछे की बाड़ी की दीवार लांघकर घर में घुस गया। घर में घुसते ही धनेश्वरी के माता-पिता और बड़े भाई खिलेश्वर के कमरे के दरवाजे की कुंडी को बाहर से लगा दिया। उसके बाद धनेश्वरी के कमरे के दरवाजे को जोर से धकेलकर खोल दिया। दरवाजा खुलते ही कमरे में घुसा और जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव बनाने लगा। इसका युवती द्वारा विरोध करने और चिल्लाकर माता-पिता व भाई को बुलाने की बात कहने पर आरोपी ने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। आरोपी ने बताया कि युवती की हत्या के बाद घर से निकलने के पूर्व घर के बाहर की मुख्य लाईट को बंद कर दिया, ताकि कोई उसे देख न सके और दबे पांव वहां से भागकर अपने घर चला गया।

### युवती की मां को हो गया था नीयत पर संदेह, भेज दिया था घर

घटना के दिन भी धनेश्वरी के पिता संतराम यादव ने अपने घर पर अपने साला व अन्य रिश्तेदारों के लिए रात्रिभोज का कार्यक्रम रखा था। इसमें मदद के लिए संतराम ने आगेश्वर साहू को फोन कर घर बुलाया था। आगेश्वर साहू की मोटर सायकल से संतराम व उसका साला हलधर यादव डौण्डी खाना बनाने के लिए सामान लेने गये थे। वहां चिकन खरीदने के बाद शराब खरीदी और वहीं तीनों ने पी। स्वयं पीने के बाद अन्य रिश्तेदारों के लिये भी शराब खरीदी और ग्राम नर्राटोला में रात्रि में सभी ने शराब पी। बाद में सभी ने मिलकर घर पर रात्रि भोज किया। भोजन के बाद संतराम के मेहमान ग्राम चिखली के लिये निकल गये। लेकिन, बहुत ज्यादा शराब पीने के बाद आगेश्वर साहू आग तापने के बहाने उनके घर पर ही रूका रहा। इस बीच वह धनेश्वरी पर बुरी नजर रख रहा था। लेकिन, धनेश्वरी की मां पिंगला बाई को आगेश्वर कुमार साहू की बुरी नियत पर संदेह हो गया था, उन्होंने उसे घर जाने के लिए कहा। फिर भी वह कुछ देर और रूकने के बाद अपने घर चला गया।

# बोर्ड में पेवरो से पेवरी हो गया गांव का नाम, राहगीर और ग्रामीण दोनों रोज हो रहे परेशान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सड़क विभाग द्वारा पेवरो गांव का नाम बदलकर गांव का नाम पेवरी कर दिया गया है। यह कारनामा विभाग द्वारा कुछ दिनों पूर्व ही किया गया है, क्योंकि गांव के प्रवेश द्वार यह बोर्ड कुछ दिनों पूर्व ही लगाया गया है। लेकिन, इस ओर किसी भी जिम्मेदार व्यक्ति की नजर नहीं पड़ रही है। इससे इस रास्ते से गुजरने वाले कई राहगीर भ्रमित हो रहे हैं तथा उन्हें अनेक दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। राहगीर बोर्ड लगने के बाद भी लोगों से गांव का नाम पूछते नजर आ रहे हैं।

- गांव का नाम बदल जाने से आए दिन हो रही समस्या

उधर, बाहर से गांव में आने वाले लोग दूसरों से पता पूछते-पूछते जब ग्राम में आ रहे हैं, तो अचानक ग्राम का नाम पेवरो की जगह पेवरी लिखे होने पर गलत पते पर आ जाने की आशंका से परेशान हो जाते हैं। लोग भ्रमित होकर ग्रामीणों से इस संबंध में जानकारी लेते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इन दिनों ग्राम के चौराहों में बैठे लोगों से एक दिन में चार से पांच लोग गांव का नाम पूछ रहे हैं।

### गांव का नाम बताते-बताते थक गए हैं ग्रामीण, रोज 4-5 लोग पूछ रहे

इसके कारण न सिर्फ भ्रमित राहगिरों को परेशनियों का सामना करना पड़ रहा है बल्कि यहां के ग्रामीण भी हर दिन राहगिरों द्वारा गांव का सही नाम की जानकारी देते-देते परेशान हो गए हैं। बार-बार एक ही बात लोगों द्वारा पूछे जाने और उसका जवाब देते-देते ग्रामीण थक चुके हैं। ग्रामीणों ने बोर्ड में सुधार कर गांव का नाम सही लिखने की मांग की है, ताकि राहगिरों को भ्रम के साथ परेशानी न हो और उन्हें भी रोज-रोज लोगों के जवाब देने से भी छुटकारा मिल सके।

दोनों ही पार्टियों में अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ दिख रहे विरोध के स्वर

# भाजपा-कांग्रेस का मुकाबला विरोधी पार्टी से कम, भीतरघातियों से ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों में अंदरूनी कलह देखने को मिल रही है। कांग्रेस ने नगर पालिका और नगर पंचायतों में प्रत्याशियों के चयन के लिए जिला स्तरीय समिति गठित की है, जिसमें सांसद, पूर्व सांसद, विधायक और पूर्व प्रत्याशियों को शामिल किया गया है।

समिति का उद्देश्य आपसी समन्वय से जीतने योग्य उम्मीदवारों की सूची तैयार करना है। वहीं, भाजपा ने भी नगर पालिका और नगर पंचायतों के प्रभारियों और संभागीय चयन समिति की सूची जारी की है। लेकिन दल्लीराजहरा सहित क्षेत्र में पार्टी के भीतर असंतोष की खबरें आ रही हैं, जिससे भीतरघात की आशंका बढ़ गई है। पिछले दल्लीराजहरा नगर पालिका चुनाव में भाजपा को बहुमत होने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा था, और इस बार भी पार्टी के भीतर असंतोष से चुनावी समीकरण बिगड़ने की आशंका जताई जा रही है।

उधर, कांग्रेस ने नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के पार्षद प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है, जिससे अब उम्मीदवार प्रचार अभियान में जुट गए हैं। इस बार का चुनाव सिर्फ भाजपा और कांग्रेस के बीच नहीं, बल्कि दोनों दलों के भीतर असंतोष और गुटबाजी से भी प्रभावित होगा। अगर भाजपा और कांग्रेस अपनी अंदरूनी कलह नहीं सुलझा पाती हैं, तो यह उनके प्रत्याशियों के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

### भाजपा को पिछले चुनाव में 14 पार्षद होने के बाद भी करना पड़ा था हार का सामना

दल्लीराजहरा नगरीय निकाय चुनाव को लेकर दिन प्रतिदिन चुनावी माहौल तेज होता जा रहा है वही भाजपा कांग्रेस के प्रत्याशियों पर विभिन्न तरह के आरोप भी लगाए जा रहे हैं। भाजपा को भाजपा के भीतघातियों से डर है, यही स्थिति कांग्रेस की भी है। कांग्रेस की टक्कर भाजपा से नहीं, बल्कि कांग्रेसियों के भीतरघातियों से ही है। कांग्रेस के भीतरघातियों की वजह से ही कांग्रेस को हार का मुंह देखना पड़ता है। यही स्थिति भाजपा में भी है। पिछले चुनाव में 14 पार्षद बहुमत होने के बावजूद भाजपा को हार का मुंह देखना पड़ा था, यही स्थिति अब भी बन रही है भाजपा के भीतर घातियों की वजह से समीकरण बिगड़ जा रहा है। पार्टी ने वैध रूप से तोरण लाल साहू को प्रत्याशी घोषित किया है। वहीं, तोरण लाल साहू के प्रत्याशी घोषित होने के बाद कई भाजपाइयों के पेट में दर्द होने लगा है, और वे अब भीतर घात की तैयारी कर रहे हैं। इस तरह के संकेत भी मिल रहे हैं पिछले 25 वर्षों से अब तक भाजपा ने अपना खाता नहीं खोला है। बहुमत होने के बावजूद हार का मुंह देखना पड़ता है। कहीं, वही स्थिति इस बार दोबारा निर्मित ना हो जाए, इसे लेकर भाजपा को रणनीति तैयार करनी होगी।

# सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन 2 फरवरी को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राजधानी रायपुर में राष्ट्रस्तरीय सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन 02 फरवरी को आयोजित किया गया है। जहां मनचाहा जीवन साथी की तलाश में देश भर से सतनामी युवा पहुंचेंगे। सम्मेलन में बड़ी संख्या में जिले के सामाजिक लोग शामिल होंगे।

जिला सतनामी समाज बालोद अध्यक्ष संजय बारले ने बताया कि गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के तत्वावधान में राजधानी रायपुर में राज टॉकीज के सामने स्थित शहीद स्मारक भवन में 02 फरवरी (रविवार) को सतनामी समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों का राष्ट्रस्तरीय परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसका प्रसारण एलईडी बड़े स्क्रीन पर भी लाइव देखने को मिलेगा। आयोजन समिति अध्यक्ष केपी. खण्डे, प्रवक्ता चेतन चंदेल एवं जिला सतनामी समाज बालोद के अध्यक्ष संजय बारले ने बताया कि इस बार राजधानी में 09 वें वर्ष का आयोजन होने जा रहा है जिसमें बड़ी संख्या में छ.ग. के अलावा देश के विभिन्न प्रांतों में निवासरत सतनामी समाज के नवयुगल प्रतिभागी अपने अभिभावकों के साथ मनपसंद जीवन साथी की तलाश में राजधानी पहुंच रहे हैं। अध्यक्ष संजय बारले ने बताया सम्मेलन में समाज के विधवा, विधुर व वैध तलाकशुदा प्राप्त महिला, पुरुष भी भाग लेंगे। प्रतिभागियों के पंजीयन के लिए कार्यक्रम स्थल पर सुबह 09 बजे से तीन अलग–अलग विशेष काउंटर खुली रहेगी जहां अपनी दो रंगीन पासपोर्ट फोटो के साथ पंजीयन करवा सकेंगे। बिना पंजीयन किसी भी प्रतिभागी या उनके परिजनों को प्रवेश की अनुमति नहीं मिलेगी। कार्यक्रम में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर भी लगाई जा रही है। सम्मेलन में शामिल होने वाले सभी आगंतुओं के लिए भोजन की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी, वहीं समिति की महिलाएं दोनों पक्षों की काउंसलिंग करवाकर ज्यादा से ज्यादा रिश्ता कायम करने अपनी भूमिका निभाएंगी। कार्यक्रम पश्चात सभी पंजीकृत प्रतिभागियों की फोटो सहित बायोडाटा बंधन पत्रिका में प्रकाशित कर उसे निःशुल्क प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम का प्रसारण पहली बार बड़े–बड़े एलईडी स्क्रीन के साथ फेसबुक लिंक के माध्यम से पूरे देश भर में लाईव प्रसारित किया जाएगा।



# डौंडीलोहारा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा में 30 जनवरी को महात्मा गांधी की पुण्य तिथि मनाई गई। प्रभारी प्राचार्य प्रदीप मेश्राम एवं समस्त स्टाफ ने गांधी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

उसके बाद श्री मेश्राम ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन पर प्रकाश डाला। विद्यालय में कक्षा ग्यारहवीं विज्ञान की छात्राओं श्वेता, संजना, आयुषी, दिव्या, गीतांजलि ने महात्मा गांधी के जीवन पर निबंध तथा भाविका और मानसी चित्रकला के माध्यम से व्यक्त किया। उसके बाद समस्त शिक्षकों और विद्यार्थियों ने 11 बजे महात्मा गांधी को मौन श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का संचालन हेमंत साहू ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समस्त व्याख्याता डीआर साहू, श्री देशमुख, संगीता वैद्य, पुष्पा कटेंद्र, अविनाश साहू, डुप्ले साहू, लवण साहू, तेजेश्वरी साहू, भारती साहू, सूर्योदय मानिकपुरी एवं समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे।




डॉ कन्नौजे ने विकासखंड के विभिन्न गांवों का किया औचक निरीक्षण

# जगतरा में 44 कुएं बनाए जाने हैं, 34 बन चुके जिपं सीईओ ने निर्माण कार्य का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने बालोद विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सीईओ डॉ. कन्नौजे ने ग्रामों में चल रहे निर्माणाधीन विकास कार्यों का जायजा लिया। जिला पंचायत के सीईओ डॉ. कन्नौजे ने ग्राम जगतरा में कुआं निर्माण कार्य का जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत जगतरा में कुल 44 कुआं निर्माण का कार्य स्वीकृत है। इसमें से 34 कुआं निर्माण का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

सीईओ ने ग्राम जगतरा में निर्माणाधीन आवास कार्यों का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आवास के हितग्राहियों से चर्चा करते हुए आवास निर्माण में आ रही समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित जिला एंव जनपद अधिकारियों को आवास निर्माण में मटेरियल, राजमिस्त्री सहित अन्य समस्याओं के जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। सीईओ ने ग्राम पंचायत उमरादाह के आश्रित ग्राम चरोटा में निर्मित स्टॉप डेम का भी निरीक्षण किया।



### मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता परखी

सीईओ डॉ कन्नौजे ने जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम जगतरा के शासकीय प्राथमिक शाला का आकस्मिक निरीक्षण कर स्कूल में छात्र–छात्राओं से पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने छात्र हिमांचल, जीविका एवं नेहूल से 12 एवं 13 का पहाड़ा भी पूछा। बच्चों द्वारा निःसंकोच पहाड़ा सुनाए जाने पर सीईओ डॉ. कन्नौजे प्रसन्नचित्त हुए। इस दौरान सीईओ ने बच्चों को पेड़ के महत्व की जानकारी दी तथा स्कूल परिसर में आम के पौधे का रोपण भी किया गया। सीईओ डॉ. कन्नौजे ने स्कूल के मध्यान्ह कक्ष में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता का जायजा लिया।

# संस्कारित शिक्षा विचारवान बनाती है : डॉ राघवेंद्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में सुव्यवस्था एवं परीक्षा पर मार्गदर्शन गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ के दुर्ग विभाग प्रमुख डॉ राघवेन्द्रनाथ मिश्रा एवं जिला प्रतिनिधि डॉ आचार्य निलेश शर्मा का प्रभावी मार्गदर्शन मिला। विद्यालय समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, व्यवस्थापक एके जैन, प्राचार्य पीएल बारले सहित स्टॉफ ने गोष्ठी में सहभागिता दी। सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर के दुर्ग विभाग प्रमुख डॉ राघवेंद्र नाथ मिश्रा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति में गुण और दोष का होना स्वाभाविक है, लेकिन स्व आंकलन करके अपने दोष को हटाने वाले व्यक्ति गुणी या गुणवान कहलाते है। गुण की सर्वत्र पूजा होती है। शिक्षा जब संस्कार में पिरोए जाते तब स्व आंकलन करने की क्षमता बलवती होने लगती है। सरस्वती शिशु मंदिर समाज को संस्कारित शिक्षा से ओत प्रोत करने का हर संभव प्रयास कर रही है। अभिभावक भी बराबरी से साथ दें, तो निश्चित तौर पर स्व आंकलन कर अपने दोषों को दूर करने वाले होनहार भावी नागरिकों की अच्छी खासी संख्या विद्यालय के पूर्व छात्र के रूप में मिल जाएगी। जो एक सुखद अनुभूति होगी।

- सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर में सुव्यवस्था एवं परीक्षा पर हुई गोष्ठी

### सुव्यवस्थित दिनचर्या लक्ष्य प्राप्ति में मददगार साबित होती है

दुर्ग जिला प्रतिनिधि डॉ आचार्य निलेश शर्मा ने कहा कि संस्कारित शिक्षा बच्चे को मर्यादित और विचारवान बनाती है। जिसका सीधा असर परीक्षा पर पड़ती है। विचारवान बच्चे अपने लक्ष्य के लिए सजग होते हैं। दिनचर्या को सुव्यवस्थित संचालित करते हैं, जिसका असर परिणाम पर पड़ता है। प्रवीण्य सूची में आने वाले ज्यादा पढ़ते हैं ऐसा नहीं कहा जा सकता, बल्कि कह सकते हैं कि वे योजनाबद्ध तरीके से सुव्यवस्थित दिनचर्या बनाकर अपनी लक्ष्य को प्राप्त कर गौरवमय इतिहास की रचना करते हैं। बस ऐसा ही कार्य विद्यालय के संचालन और उत्कृष्ट परिणाम के लिए प्राचार्य प्रधानाचार्य आचार्य दीदियों को करना चाहिए।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### नगरीय निकाय चुनाव के लिए नाम वापसी की अंतिम तिथि आज

**बालोद।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 कार्य के अंतर्गत नगरीय निकाय आम निर्वाचन के अंतर्गत नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अध्यक्ष तथा पार्षद पदों के लिए नाम निर्देशन पत्र जमा करने वाले अभ्यर्थियों द्वारा अपने अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तिथि शुक्रवार 31 जनवरी को निर्धारित की गई है। इसके अंतर्गत नगर पालिका एवं नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षद पद हेतु अपने अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने के इच्छुक अभ्यर्थी शुक्रवार 31 जनवरी को दोपहर 03 बजे तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। इसके साथ ही शुक्रवार 31 जनवरी को रिटर्निंग ऑफिसरों द्वारा अभ्यर्थियों की सूची तैयार, प्रकाशन एवं प्रतीक चिन्हों का आबंटन भी किया जाएगा।

### जिला पंचायत सदस्य के लिए 15 लोगों ने भरा नामांकन

**बालोद।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत जिला पंचायत सदस्यों के नामांकन की प्रक्रिया जारी है। रिटर्निंग आफिसर (पंचायत) जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने बताया कि नाम निर्देशन पत्र प्राप्त एवं जमा करने की अंतिम तिथि 03 फरवरी 2025 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि 27 जनवरी को 12 अभ्यर्थियों, 28 जनवरी को 12, 29 एवं 30 जनवरी को 09–09 अभ्यर्थियों सहित कुल 42 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया है। जिसमें से 28 जनवरी को 01 अभ्यर्थी, 29 जनवरी को 03 एवं 30 जनवरी को 11 अभ्यर्थियों सहित कुल 15 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है।

### कोलिहापुरी में मड़ई 2 को हुड़दंग किया तो खैर नहीं

अंडा। ग्राम पंचायत कोलिहापुरी में 2 फरवरी को मड़ई-मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में दुष्यंत हरमुख कृत रंग झरोखा का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर ग्रामवासियों की बैठक हुई। बैठक में मड़ई महोत्सव के लिए गांव के प्रत्येक राशनकार्डधारी परिवार से न्यूनतम 100 रूपए सहयोग का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही ग्रामीणों ने कार्यक्रम में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्णय लिया है कि कार्यक्रम के दौरान यदि कोई व्यक्ति शराब पीकर या अन्य कोई नशा करके गाली-गलौज एवं मारपीट, उपद्रव करते पाया गया, तो उसे पूरे कार्यक्रम की राशि का जुर्माना देना होगा। इसके साथ ही उसके खिलाफ पुलिस कार्रवाई भी की जाएगी।

### कुसुमकसा में पंचायत चुनाव के लिए नामांकन भरने पहुंच रहे लोग

**कुसुमकसा।** ग्राम पंचायत कुसुमकसा भवन में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के नाम निर्देशन केंद्र में ग्राम की सरकार बनाने के लिए ग्राम पंचायत कुसुमकसा, भर्रीटोला 43, रजही, चिपरा, धुर्वाटोला, गिधाली, अड़जाल के सरपंच, पंच पदों के लिए नामांकन पत्र वितरण सहित जमा किया जा रहा है। नामांकन पत्र जमा करने के लिए ग्रामीणों में काफी उत्साह दिखने को मिल रहा है। महिलाएं भी अपनी आरक्षित सीटों के लिए नामांकन भरने के लिए पहुंच रही हैं।

# एक ही ईवीएम में होगा अध्यक्ष व पार्षद पद के लिए मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

कलेक्टोरेट के दृष्टि सभाकक्ष में गुरुवार को नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 में उपयोग होने वाली इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का प्रदर्शन (डेमोंस्ट्रेशन) किया गया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम की कार्यप्रणाली और निष्पक्ष मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी। कलेक्टर श्री शर्मा ने बताया कि इस बार नगरीय निकाय चुनाव में अध्यक्ष और पार्षदों के लिए ईवीएम का उपयोग किया जाएगा, जो एक ही मशीन में होगा। मतदाता को दोनों पदों के लिए अलग-अलग बटन दबाने होंगे। पहले बटन दबाने पर हल्की बीप और दूसरे बटन दबाने पर लंबी बीप की आवाज आएगी, जो यह संकेत देगी कि मतदान की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मत डालने के बाद ईवीएम का "एंड" (END) बटन नहीं दबाना है। **ईवीएम में नहीं निकलेगी पर्ची:** कलेक्टर श्री शर्मा ने बताया कि यह ईवीएम अन्य चुनावों में इस्तेमाल होने वाली मशीन से अलग है। इसमें वोट डालने के बाद पर्ची नहीं निकलती। एक ईवीएम में अधिकतम 13 उम्मीदवारों और एक नोटा के लिए विकल्प है। यदि उम्मीदवारों की संख्या 13 से अधिक होती है, तो अतिरिक्त ईवीएम जोड़ी जाएगी, हालांकि वर्तमान स्थिति में इसकी आवश्यकता नहीं होगी।

**निष्पक्ष चुनाव का भरोसा:** कलेक्टर ने कहा कि ईवीएम के माध्यम से पूरी निष्पक्षता के साथ चुनाव कराए जाएंगे। पत्रकारों को ईवीएम के डेमोंस्ट्रेशन के दौरान मशीन के संचालन की जानकारी दी गई, ताकि वे इसे बेहतर तरीके से समझ सकें। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव ईवीएम की बजाय बैलेट पेपर से कराए जाएंगे।

### नगरीय निकाय चुनाव के लिए ईवीएम का किया गया प्रदर्शन



मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण : कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि निष्पक्ष निर्वाचन कराने और निर्वाचन संबंधी सही जानकारी जनता तक पहुँचाने में मीडिया की अहम भूमिका होती है। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर सुनील झा ने पत्रकारों की शंकाओं का समाधान किया और ईवीएम से मतदान प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकिता गर्ग, जिला निर्वाचन से जुड़े अधिकारी और मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति गठित

कलेक्टर श्री शर्मा ने बताया कि जिले की नगर पालिका बेमेतरा, नगर पंचायत नवागढ़, साजा, थानखम्हरिया, देवकर, कुसमी, बेरला, भिंभौरी, परपोड़ी एवं दाढ़ी के आम निर्वाचन के दौरान पेड न्यूज के अन्तर्गत समाचार पत्र, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया, केबल नेटवर्क, इंटरनेट, सोशल मीडिया इत्यादि में प्रकाशित-प्रसारित होने वाले समाचार व तथ्यों की सूक्ष्मता से जाँच तथा निर्वाचन संबंधी प्रचार-प्रसार सामग्रियों व विज्ञापन के प्रसारण पूर्व प्रमाणन के लिए जिला स्तर पर जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति का गठन किया गया है।

## कार्रवाई : जिले में 25 प्रकरणों में जब्त मादक पदार्थों को किया गया नष्ट

# पुलिस ने भट्टी में झोंक दिया 52 लाख 57 हजार रुपए का 562 किलो गांजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

पुलिस प्रशासन ने 52 लाख 57 हजार रूपए से ज्यादा कीमत के गांजा को भट्ठी में झोंक दिया। ऐसा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से जब्त मादक पदार्थ गांजा को नष्ट करने के लिए किया गया। गांजा को नष्ट करने के लिए उसे ग्राम पथर्रा स्थित बायोटेक फ्युल्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की भट्ठी में डाल कर जलाया गया।

गुरुवार को पुलिस मुख्यालय के आदेश पर पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग के मार्गदर्शन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने जिले के विभिन्न थाना व चौकियों में जब्त मादक पदार्थों के नष्टीकरण के लिए जिला स्तरीय औषधि निपटान (डिस्पोजल) समिति गठित की थी। उसके बाद जिले के विभिन्न थाना/चौकी में 25 प्रकरणों में जब्त मादक पदार्थों को नष्ट करने की प्रक्रिया की गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नष्ट किए गए गांजा में थाना सिटी कोतवाली के 11 प्रकरणों में जब्त 425 किलो 500 ग्राम गांजा, थाना खम्हरिया के 02 प्रकरणों में 97 किलो 590 ग्राम, थाना बेरला के 05 प्रकरणों में 16 किलो 896 ग्राम गांजा शामिल हैं। इसी तरह थाना साजा के 01 प्रकरण में 01 किलो 35 ग्राम गांजा, थाना दाढी 02 प्रकरणों में 05 किलो 286 ग्राम गांजा, चौकी खण्डसरा में 03 प्रकरणों में 13 किलो 907 ग्राम गांजा, चौकी मारो 01 प्रकरण में 01 किलो 832 ग्राम गांजा बरामद कर जब्त हुआ था। इन सभी 25 प्रकरणों में जब्त कुल 562 किलो 46 ग्राम गांजा की बाजार लगभग 52 लाख 57 हजार 9 सौ रूपये कीमत थी। इस तरह पूरे जब्त गांजा को विधिवत जन सामान्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए व पर्यावरण विभाग से अनुमति उपरांत बायोटेक फ्युल्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी पथर्रा में जलाकर नष्टीकरण किया गया।

### पथर्रा स्थित इथेनॉल प्लांट की भट्ठी में जलाया गया





### नष्टीकरण के दौरान ये रहे उपस्थित

इस नष्टीकरण कार्यवाही में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू ,सहायक आयुक्त आबकारी अधिकारी प्रमोद कुमार, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, निरीक्षक कृष्णकांत सिंह, प्रधान आरक्षक खुबचंद बघेल, राजीव शर्मा एवं बायोटेक फ्युल्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी पथर्रा के पदाधिकारी व बेमेतरा के अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# साजा में वार्षिकोत्सव व विवाह महोत्सव कल से



हरिभूमि न्यूज ▶▶ साजा

श्री रामहर्षण कुंज साजा स्थित श्री जानकी जीवन लाल जू मंदिर का वार्षिकोत्सव एवं श्री सीताराम विवाह महोत्सव का आयोजन 1 से 3 फरवरी तक हर्षोल्लास के साथ किया जाएगा। मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से प्रत्येक वर्ष लगातार इसका धूमधाम से आयोजन किया जा रहा है। इस भव्य आयोजन का यह 20 वां वर्ष है। प्रथम दिन 1 फरवरी को शाम 6 बजे से मटखोर (चुलमाटी) लीला होगी। 2 फरवरी को सुबह 9:30 बजे से ठाकुर जी का दिव्य अभिषेक होगा। रात्रि 7 बजे राजगद्दी महोत्सव होगा। 3 फरवरी को सुबह 9.30 बजे बसंत उत्सव मनाया जायेगा। दोपहर 1.30 बजे बारात निकलेगी। रात्रि 7 बजे से 10 बजे तक विवाह महोत्सव होगा। श्री हर्षण कुंज में सभी कार्यक्रम बहुत उत्साह तथा श्रद्धा भक्ति के साथ आयोजित किये जाते हैं। परमपूज्य स्वामी अयोध्यादास जी सहित अयोध्या, मिथिला, चित्रकूट, काशी, वृंदावन आदि भारत के विभिन्न स्थानों के संत महंत महात्मा श्रद्धालु पधारते हैं। श्री छत्तीसगढ़ श्री रामहर्षण सेवा संस्थान एवं श्री सीताराम विवाह महोत्सव समिति साजा द्वारा आयोजन की भव्य तैयारी की जा रही है। श्रद्धालुओं को इस दिव्य, अनूठे आयोजन की बेसब्री से प्रतीक्षा रहती है। साजा मंदिर तथा नगर को सजाया-संवारा जा रहा है। महंत श्री वैष्णवदासजी के निर्देशन में आयोजन की व्यापक तैयारी की जा रही है।

# जिपं सदस्य पद के लिए कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों ने भरा नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवरीबंगला

कांग्रेस समर्थक जिला पंचायत सदस्य की अधिकृत प्रत्याशी चंद्रप्रभा सुधाकर, गुलशन चंद्राकर एवं ममता चंद्राकर ने जिला पंचायत के रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया।

■ पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ रैली निकालकर नामांकन भरने पहुंचे प्रत्याशी

जनपद पंचायत डौंडीलोहारा के देवरी ब्लॉक से कांग्रेस समर्थित 13 वार्ड के लिए सूची जारी की गई है। अपनी समर्थकों के साथ रैली से पहुंची चंद्रप्रभा सुधाकर ने कहा कि जिले में कांग्रेस के पक्ष में माहौल है। मतदाता प्रदेश सरकार से त्रस्त है। किसान हलाकान है। युवा एवं महिला वर्ग भूपेश बघेल की सरकार को याद कर रहे हैं। कांग्रेस कार्यकर्ता मतदाताओं के बीच पहुंचकर समर्थन हासिल करें। नामांकन भरने पहुंचे समर्थकों को निवृत्तमान जनपद अध्यक्ष जागृत सुनकर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कोदूराम दिल्लीबार, प्रत्याशी गुलशन चंद्राकर ममता चंद्राकर ने भी संबोधित किया। नामांकन फॉर्म भरने जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कृष्णा दुबे, महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी केशव शर्मा, उपाध्यक्ष गिरीश चंद्राकर, दुर्गा ठाकुर, सुमन सोनबोईर, जीवन कश्यप, ललित हिरवानी, ढाल ठाकुर, संतोषी ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जनपद के 13 अधिकृत प्रत्याशी घोषित

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कोदूराम दिल्लीवार ने बताया कि जनपद के वार्ड नंबर 1 पिंनकापार से ललित हिरवानी, वार्ड क्रमांक 2 जेवरतला से सुशीला साहू, वार्ड नंबर तीन टटैगा से जागृत सोनकर, वार्ड नंबर चार खामतराई से सुमन सोनबोईर, वार्ड नंबर 5 मनकी (स) से दुर्गा ठाकुर, वार्ड नंबर 7 भालूकौन्हा नंद कुमार ठाकुर, वार्ड क्रमांक 8 सुरेगांव बिसाहिनबाई देशमुख, वार्ड क्रमांक 9 भंडेरा मनटोराबाई सोनकर, वार्ड नंबर 11 गारका भूपेश नायक, वार्ड क्रमांक 12 घीना डोमेश्वरी नायक वार्ड क्रमांक 13 भीमकन्हार नूतन ठाकुर को कांग्रेस से अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया गया है।

# खलारी के ग्रामीणों की दो टूक- जब तक मांग पूरी नहीं होती, चुनाव में भाग नहीं लेंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही

खलारी के ग्रामीणों द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बहिष्कार की घोषणा कर दी है। इस संबंध में हरिभूमि ने 26 जनवरी को प्रमुखता से खबर प्रकाशन कर शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया था। खबर प्रकाशन के बाद 28 जनवरी को तहसीलदार, नायब तहसीलदार व सीईओ ग्राम खलारी पहुंचे। वहां उन्होंने ग्रामीणों को मताधिकार का प्रयोग करने की समझाइश दी, लेकिन वे अपनी मांग पर अड़े रहे। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक बाहरी व्यक्तियों का आबादी पट्टा वितरण निरस्त नहीं होगा व वर्तमान में ग्राम खलारी में रिक्त कोटवार पद पर नई भर्ती नहीं होगी, तब तक हम पंचायत चुनाव में भाग नहीं लेंगे। बता दें कि चुनाव बहिष्कार के निर्णय के कारण गांव में पंच व सरपंच के लिए कोई उम्मीदवार खड़ा नहीं हुआ है। इधर तहसीलदार ने ग्रामीणों की मांगों को ध्यान में रखते हुए आश्वासन दिया कि कोटवार की नियुक्ति नियमानुसार व जल्द से जल्द की जाएगी। वहीं, आबादी पट्टा वितरण मामले को लेकर तहसीलदार ने कहा कि यह मामला अपर कलेक्टर के पास है और वहीं बता पाएंगे।

■ चुनाव बहिष्कार की घोषणा के बाद गांव में पहुंचे तहसीलदार, नायब तहसीलदार व सीईओ

### 2 फरवरी तक का अल्टीमेटम

इधर ग्रामीणों ने कहा कि 2 फरवरी तक कोटवार की नियुक्ति होती है तो हम चुनाव में भाग लेंगे, लेकिन यदि नहीं हुई तो हमारा चुनाव बहिष्कार का निर्णय यथावत रहेगा। ग्रामीणों ने आगे बताया कि हम लोगों ने इस संबंध में पहली बार 21 अक्टूबर को मांगों को लेकर एसडीएम व तहसीलदार को आवेदन सौंपा है। उसके पश्चात समय-समय पर इस विषय में जानकारी देते हुए कलेक्टर, अपर कलेक्टर व कमिश्नर को भी आवेदन सौंपा गया, तब भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। उसके बाद हमने एक बार फिर 10 जनवरी को अपनी मांग रखते हुए पूरी नहीं होने पर चुनाव बहिष्कार की सूचना निर्वाचन अधिकारी को दी थी, लेकिन उसके बाद भी जिम्मेदारों ने कुछ नहीं किया। ग्रामवासियों का कहना है कि प्रशासन हमारी मांगों को अनदेखा कर रहा है, इसलिए हम समस्त ग्रामवासियों ने चुनाव बहिष्कार का निर्णय लिया है।

### मेडिकल कालेज को अव्वल बनाने वाले चिकित्सा शिक्षकों का हुआ सम्मान

**रायपुर।** राजधानी के मेडिकल कालेज को चिकित्सा और शिक्षा में अव्वल बनाने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर 41 वर्षों से रायपुर मेडिकल कालेज को अपनी सेवा देने वाले डा. अरविंद नेरल को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया गया है। चिकित्सा शिक्षकों के साथ तकनीकी, लिपिकीय, नर्सिंग व चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय परिसर स्थित अटल बिहारी बाजपेयी सभागार में पिछले दिनों आयोजित कार्यक्रम में डॉ. जागृति अग्रवाल, डॉ. प्रवीण कुमार कुर्रे, डॉ. सुमीत त्रिपाठी, डॉ. राजेन्द्र अहिरे आदि डॉक्टरों को सम्मानित किया गया।

## चुनाव प्रक्रियाओं के साथ-साथ उपकरणों के संचालन की दी गई जानकारी

# स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए मतदान अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के लिए मतदान अधिकारियों का एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण आज सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण प्रातः 10 बजे से जिला मुख्यालय स्थित शासकीय कन्या विद्यालय, शासकीय शिवलाल राठी उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, तथा शासकीय बालक विद्यालय, बेमेतरा में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान अधिकारियों से मुलाकात की और उन्हें महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जोर देकर कहा कि मतदान दल के कर्मियों की भूमिका चुनाव प्रक्रिया में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने अधिकारियों से स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए प्रशिक्षण के दौरान दी गई सभी जानकारियों को ध्यान से सुनने और अमल में लाने का आग्रह किया। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से मतपेटी (बैलट बॉक्स) को खोलने और लॉक करने की प्रक्रिया सिखाई गई। अधिकारियों को यह बताया गया कि किस प्रकार मतपेटियों को सुरक्षित तरीके से सील करना है, ताकि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ न हो। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने मतदान अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे मतदान के दौरान आने वाली किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या को हल करने के लिए सतर्क रहें और दिए गए निर्देशों का पालन करें। उन्होंने मास्टर ट्रेनरों को मतदान प्रक्रिया के सभी आवश्यक चरणों, जैसे मतदाता सूची का सत्यापन, मतपत्र वितरण, मतदान समाप्ति के बाद मतपेटी को सुरक्षित करना और मतगणना प्रक्रिया पर विशेष ध्यान देने को कहा।



**मतदान अधिकारी को मतदान प्रक्रिया का हो पूर्ण ज्ञान:** श्री शर्मा ने बताया कि मतदान अधिकारी को मतदान प्रक्रिया का पूर्ण ज्ञान होना चाहिए ताकि वे कठिन परिस्थितियों में आत्मविश्वास के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें। इसके साथ ही वे अपने सहयोगी कर्मचारियों का भी मार्गदर्शन कर सकें। कलेक्टर ने खुद प्रशिक्षण प्रक्रिया का निरीक्षण किया, प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स से सवाल पूछे और उन्हें महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अनिल वाजपेयी, अपर कलेक्टर अंकिता गर्ग, सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### मतदान प्रक्रिया के दौरान आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान पर दें पूरा ध्यान

कलेक्टर श्री शर्मा ने मतदान प्रक्रिया के दौरान आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने मास्टर ट्रेनर्स को निर्देशित किया कि वे मतदान के दौरान होने वाली समस्याओं और उनके प्रभावी समाधान पर विशेष ध्यान दें। कलेक्टर ने त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों में उपयोग होने वाले मतपेटियों को खोलने और लॉक करने की प्रक्रिया को भी विस्तार से समझाया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे निर्वाचन कार्य में पूरी तन्मयता और उत्साह के साथ भाग लें। श्री शर्मा ने कहा कि मतदान अधिकारी चुनावी प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं, और उनकी कार्यकुशलता, निष्पक्षता और सजगता ही शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करती है।

